# MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

## // UNIVERSITY LIBRARY //

## -: NEWS CLIPPING SERVICE -:

## DATE:13 NOVEMBER 2025

## रिसर्च, रिपोर्टिंग और ग्राउंड विजिट्स के बाद तैयार हुआ छात्रों का विशेषांक

# एमसीयू के विशेषांक 'विकल्प' में भोपाल के सार्वजनिक परिवहन की समस्या को किया उजागर

स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल



राजधानी की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की बदहाली को उजागर करने के लिए माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के छात्रों ने मिलकर अपने प्रायोगिक अखबार 'विकल्प' का विशेषांक तैयार किया है, जो पूरी तरह भोपाल के पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम की जमीनी सच्चाई पर केंद्रित है।

एमपी नगर में स्थित विश्वविद्यालय के सिटी कैंपस के विकास भवन में बुधवार को 'विकल्प' के विशेषांक का विमोचन कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी के हाथों हुआ। कुलगुरु ने छात्रों की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि '*पत्रकारिता तभी सार्थक होती है जब वह जनता की समस्याओं की आवाज़ बन सके*।' इस मौके पर पत्रकारिता विभाग की अध्यक्ष डॉ. राखी तिवारी, प्रो. शिवकुमार विवेक और प्रो. अनूप दत्ता सहित विभाग के सभी प्राध्यापक, संकाय सदस्य और छात्र बड़ी संख्या में मौजूद रहे। करीब 20 राज्यों से आए 1800 छात्र विश्वविद्यालय में पढ़ते हैं, जिनमें से ज्यादातर को रोजमर्रा में सार्वजनिक परिवहन की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन्हीं अनुभवों ने छात्रों को यह विशेषांक निकालने की प्रेरणा दी। पत्रकारिता के छात्रों ने सरकार-सिस्टम से सीधे सवाल पूछा है, 'स्मार्ट सिटी में पब्लिक ट्रांसपोर्ट इतना अनस्मार्ट क्यों' विमोचन के बाद छात्रों ने 'विकल्प' के विशेषांक की प्रतियां भोपाल के प्रमुख अखबारों, न्यूज चैनलों और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के संपादकों को भेंट कीं। भोपाल की बस सेवा, स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, ई-बस योजनाएं और प्रशासनिक लापरवाही पर आधारित यह अंक प्रदेश भर में चर्चा का विषय बना हुआ है। 'विकल्प' का यह प्रयास न सिर्फ पत्रकारिता शिक्षा का बेहतरीन उदाहरण बना है बल्कि व्यवस्था पर भी गहरे सवाल खड़े कर रहा है।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'SWADESH JYOTY'13 NOVEMBER.2025

# एमसीयू के विद्यार्थियों ने खोली परिवहन व्यवस्था की पोल

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) के विद्यार्थियों ने इस बार अपनी खोजी रिपोर्टिंग का केंद्र राजधानी की जर्जर परिवहन व्यवस्था को बनाया है। 20 राज्यों से आए विद्यार्थियों ने राजधानी के परिवहन की दुर्दशा के लिए जिम्मेदार नेताओं, अफसरों और विधायकों की भूमिका की पड़ताल की और उनसे सीधे सवाल किए। इस परियोजना को व्यापक स्वरूप देते हुए विश्वविद्यालय के छात्रों ने अपने-अपने राज्यों की परिवहन व्यवस्था पर भी विस्तृत रिपोर्ट तैयार की। पहली बार इतने बड़े पैमाने पर की गई विकल्प की रिपोर्टिंग, संपादन और लेआउट के काम को लेकर विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह है।

इस विशेष अंक को मीडिया हाउसों के साथ नेताओं व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यालयों तक भी पहुंचाया गया है। इसमें विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी का

- 20 राज्यों के छात्रों ने तैयार की व्यापक रिपोर्ट, नेताओं-अफसरों से किए तीखे सवाल




विकल्प का प्रथम पेज। • सौः एमसीयू

भी एक लेख शामिल है। कुलगुरु ने 'झुग्गी-झोपड़ी, गुमटी ठेला व कब्जा कान्क्लेव 2025' के तहत अपना लेख लिखा है।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'NAVDUNIYA'13 NOVEMBER.2025

दैनिक भास्कर
भोपाल 13-11-2025

# एमसीयू के छात्रों ने निकाला 'पत्र विकल्प'




**भोपाल|** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय (एमसीयू) के पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थियों ने 'पत्र विकल्प' का विशेष अंक जारी किया, जिसमें राजधानी भोपाल की परिवहन व्यवस्था को केंद्र में रखा गया। कवर स्टोरी का शीर्षक था— 'राजधानी का पंचर पब्लिक ट्रांसपोर्ट- शर्म करो शहर के स्वामी'। इसमें महापौर, मंत्री, सांसद, विधायक और अफसरों से सवाल किए गए कि राजधानी में बस सेवा क्यों ध्वस्त है। अंक का विमोचन कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने किया। मार्गदर्शन डॉ. राखी तिवारी और प्रो. शिवकुमार विवेक ने दिया।